# स्काउट गाइड ज्योति

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन की आमुख पत्रिका
वर्ष-22, अंक-05, जनवरी, 2022 (कुल पृष्ठ-28) मूल्यः ₹ 15/-




गणतंत्र दिवस पर स्काउट गाइड के राज्य मुख्यालय पर ध्वजारोहण करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य

## स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य को जन्मदिन पर शुभकामनाएं अर्पित हुए राज्य पदाधिकारी एवं कार्मिक



राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन एवं जम्बूरी कॉर्डिनेटर एस.के. सोलंकी



राज्य व मण्डल मुख्यालय, जयपुर के अधिकारी तथा स्काउटर गाइडर

## नव-नियुक्त पदाधिकारियों द्वारा कार्यग्रहण



**श्रीमती शुचि त्यागी**



डॉ. भंवर लाल



डॉ. अखिल शुक्ला



श्री निर्मल पंवार



श्री काना राम

स्काउट गाइड ज्योति
वर्ष : 22 अंक : 05
जनवरी, 2022

**सलाहकार मण्डल**

**निरंजन आर्य**
आई.ए.एस.
स्टेट चीफ कमिश्नर

**काना राम**
आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

**निर्मल पंवार**
स्टेट कमिश्नर (रोवर)

**डॉ. भंवर लाल**
आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (कब)

**महेन्द्र कुमार पारख**
आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**रूक्मणि रियार सिहाग**
आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (गाइड)

**शुचि त्यागी**
आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (रेंजर)

**टीना डाबी**
आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (बुलबुल)

**मुग्धा सिन्हा**
आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**सम्पादक**

**डॉ. पी.सी.जैन**
राज्य सचिव

**सहायक सम्पादक**

**नीरज जैन**




## इस अंक में

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| दिशाबोध | 4 |
| सम्पादकीय | 4 |
| विशेष : जम्बूरी तैयारी बैठक | 5 |
| नियुक्तियां | 6 |
| अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस | 6 |
| नेशनल ग्रीन कोर : स्काउटर श्री रावत को 'वाटर हीरोज' पुरस्कार | 7 |
| कोरोना से बचाव जनजागरूकता सप्ताह | |
| राज्य स्तरीय 62वां रोवर मूट 48वीं रेंजर मीट | 8 |
| हमारा स्वास्थ्य: सर्दियों में स्वस्थ रहने के घरेलू उपाय | 14 |
| गतिविधि दर्पण | 16 |
| दक्षता पदक – खिलाडी | 23 |
| हमारे महापुरूष: 'सीमांत गाँधी' ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान | 24 |
| गतिविधि पंचाग | 26 |

## लेखकों से निवेदन

स्काउट गाइड ज्योति का प्रकाशन मात्र प्रकाशन भर नहीं है बल्कि यह पत्रिका हमारे संगठन का दर्पण है, जो आयोजित हो चुकी गतिविधियों को प्रस्तुत करने, संगठन के कार्यों और इसके प्रशिक्षण तथा अन्य समाजोपयोगी क्रियाकलापों के विचारों को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है।

समस्त पाठकों, सृजनात्मक एवं रचनाधर्मी प्रतिभाओं से स्वलिखित, मौलिक व पूर्व में अप्रकाशित स्काउटिंग गाइडिंग से संबंधित लेख, यात्रा वृत्तान्त, कैम्प क्राफ्ट संबंधी लेख, प्रशिक्षण विधि, पाठक प्रतिक्रिया आदि प्रकाशनार्थ आमंत्रित हैं। आपके अनुभव प्रत्येक स्काउट गाइड के लिए अमूल्य हैं। आप द्वारा प्रेषित सामग्री आपके नाम व फोटो के साथ प्रकाशित की जावेगी। लेख स्पष्ट टंकित हो तथा उस पर यह अवश्य लिखा हो कि 'यह लेख मौलिक एवं अप्रकाशित है'।

प्रकाशनार्थ सामग्री हमारी ईमेल आई.डी. scoutguidejyoti@gmail.com पर भिजवाई जा सकती हैं।

| स्काउट गाइड ज्योति वार्षिक सदस्यता शुल्क | आजीवन सदस्यता शुल्क |
|---|---|
| व्यक्तिगत शुल्क :100/– संस्थागत शुल्क :150/– | 1200/– |

शुल्क राशि राज्य मुख्यालय जयपुर पर एम.ओ. अथवा 'राजस्थान स्टेट भारत स्काउट एण्ड गाइड, जयपुर' के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराई जा सकती है।

नोट : स्काउट गाइड ज्योति में छपे/व्यक्त विचार प्रस्तोता के अपने हैं। यह जरूरी नहीं है कि संगठन इनसे सहमत ही हो।

## दिशाबोध



# गुड टर्न और चिन्तन

22 फरवरी...एक ऐसा पावन दिवस है, जब पूरा विश्व इस संगठन के संस्थापक लार्ड एवं लेडी बेडेन पॉवेल के जन्मदिन को हर्षोल्लास व नये संकल्पों के साथ विविध गतिविधियों, कार्यक्रमों व समारोहों के साथ मनाता है।

प्रतिवर्ष पॉवेल दम्पत्ति के जन्म दिन को हम 'स्काउट गुड टर्न' एवं 'गाइड थिंकिंग डे' के रूप में मनाते हैं। वास्तव में वर्ष के दौरान यह एक ऐसा दिन है जब हमें अपने विचार, सोच और दृष्टिकोण को सकारात्मक दिशा में रखते हुए किसी एक व्यक्ति, समाज या देश तक सीमित न रखते हुए मानवीय मूल्यों के सम्पूर्ण विकास को स्थान देना चाहिये। साथ ही उस दृष्टिकोण को सदैव अपने विचारों में रखना चाहिये ताकि कभी भी हमारा पवित्र क्षण आये तो हमें अपनी सोच पर पछतावा ना हो। पवित्र क्षण समय का वो क्षण है जब हम जो भी विचार अपने मन में कर रहे होते हैं, वह साकार होता है। हमें अपनी सोच सही दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बनाये रखनी चाहिये। इसीलिए कहा गया है कि....

बदला जाये दृष्टिकोण यदि, तो इन्सान बदल सकता है<br>
दृष्टिकोण के परिवर्तन से, सारा जहान बदल सकता है।

चिंतन दिवस के रूप में मनाने के पीछे भावना यह रही है कि स्काउटिंग गाइडिंग संगठन के विश्व भर में फैले कई मिलियन सदस्य सोचे, विचारें व समझें कि एक सौ अट्ठारह देशों व उपनिवेशों में व्याप्त समस्याओं का हल कैसे एक जुट हो निकाला जाये। स्काउट गाइड एक युवा वर्ग है जो सीधे समाज से अपना जुड़ाव रखते हैं और वे कारगर प्रयास कर व्याप्त समस्याओं को हल करने में ज्यादा सक्षम हैं। जरूरत है तो सिर्फ गंभीर चिंतन की, जिसका अवसर है 22 फरवरी।

मेरा कोटिः कोटिः नमन उस माली को, जिसने इस स्काउट संगठन रूपी वृक्ष का बीजारोपण किया। स्काउट गाइड प्रवृत्ति भी वही बीज है, जिसे बोया बेडेन पॉवेल ने, और हम जैसे अनेकों मालियों को उसे सींचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मैं सभी को विश्व स्काउट एवं चिंतन दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

**निरंजन आर्य**<br>
**स्टेट चीफ कमिश्नर**

## संपादकीय



गत माह झुन्झुनू में आयोजित रोवर मूट–रेंजर मीट के सफल एवं उत्कृष्ट आयोजन के लिए मैं सभी संभागियों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी भामाशाहों को साधुवाद अर्पित करता हूँ कि उन्होंने सह्यदयता का अनूठा उदाहरण समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है। कोरोना महामारी के चलते काफी लम्बे अरसे पश्चात एक विराट गतिविधि का आयोजन सम्भव हो पाया था, परन्तु अब हमें पुनः कोरोना गाइडलाइन की अनुपालना में अपनी बड़ी गतिविधियों पर विराम लगाना पड़ा है। जल्द ही इस महामारी से मुक्ति मिलेगी क्योंकि बालक–बालिकाओं के लिए भी वैक्सीनेशन प्रारम्भ हो चुका है। मुझे प्रसन्नता है कि हमारे स्काउट्स गाइड्स वैक्सीन लगवा भी रहें हैं और इस महाभियान में वैक्सीनेशन सेन्टर पर अपनी सेवाएं भी दे रहे हैं।

एक अहम विचारणीय बिन्दु है कि अभी भी हमारे प्रदेश में अनेक विद्यालय व कॉलेज ऐसे हैं जहाँ स्काउट गाइड ट्रुप और कम्पनी पंजीकृत नहीं हैं। मैं इस संगठन से जुड़े समस्त वैतनिक एवं मानद कार्यकर्ताओं से यह अवश्य कहना चाहता हूँ कि वे अपने जिले के समस्त विद्यालयों में सम्पर्क कर स्काउट प्रवृत्ति को प्रारम्भ कराने एवं जिन में ट्रुप और कम्पनी पंजीकृत हैं, उनकी योग्यता वृद्धि में जहाँ तक संभव हो ऑनलाइन सहभागिता करावें। समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा इस अन्तर्राष्ट्रीय आन्दोलन से अछूता है। हमें मिलकर संस्था प्रधानों को स्काउटिंग की मूल भावना से अवगत कराना है। यह युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास का मामला है। युवा ही तो हमारे देश का भविष्य है।

**डॉ. पी.सी. जैन**<br>
**राज्य सचिव**

विशेष

# जम्बूरी तैयारी बैठक

## राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने की समीक्षा



18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी के आयोजन हेतु मुख्य सचिव कक्ष, शासन सचिवालय, जयपुर में 7 जनवरी को माननीय राज्य मुख्यायुक्त, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड एवं मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार श्रीमान निरंजन आर्य की अध्यक्षता में दोपहर 12.30 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक, भारत स्काउट व गाइड, नई दिल्ली श्री राजकुमार कौशिक, उप निदेशक (स्काउट) (बॉय प्रोग्राम), भारत स्काउट व गाइड, नई दिल्ली श्री अमर बी. छैत्री, राज्य सचिव राजस्थान डॉ. पी.सी. जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट), राजस्थान श्री गोपाराम माली, सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट), जयपुर श्री पूरण सिंह शेखावत उपस्थित हुए—

बैठक के अध्यक्ष मुख्य सचिव एवं राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य ने सभी उपस्थित अधिकारियों को कहा कि जम्बूरी का आयोजन राजस्थान में भव्यता से हो, यह माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी की हार्दिक इच्छा है। उन्हीं के निर्देशों की अनुपालना में जम्बूरी का आयोजन हो रहा है। जम्बूरी व बजट की स्वीकृति यथा समय प्राप्त हो जायेगी। 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन अभूतपूर्व होगा, यह जम्बूरी यादगार जम्बूरी होगी। श्रीमान मुख्यायुक्त महोदय ने जम्बूरी में सहभागिता के विषय पर निर्देशित किया कि यह जम्बूरी अभी तक की आयोजित जम्बूरियों में सभी प्रकार से सर्वश्रेष्ठ होनी चाहिये। आयोजन भव्यता से हो, जम्बूरी संख्या अभी तक की जम्बूरियों में सर्वाधिक होनी चाहिये।

बैठक के प्रारम्भ में राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन द्वारा सभी का शाब्दिक स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्रगति से अवगत कराया।

निदेशक, भारत स्काउट व गाइड, नई दिल्ली श्री राजकुमार कौशिक ने बताया कि हमने प्रस्तावित जम्बूरी स्थल रोहट (पाली) का अवलोकन कर लिया है। जम्बूरी आयोजन हेतु प्रस्तावित भूमि पर्याप्त है। श्री कौशिक ने राष्ट्रीय स्तर पर 18वीं जम्बूरी हेतु राज्य सरकार की स्वीकृति एवं बजट प्रावधान स्वीकृति पत्र तथा चयनित जम्बूरी आयोजन स्थल रोहट (पाली) की भूमि के जम्बूरी हेतु अस्थाई उपयोग की रीको द्वारा जारी स्वीकृति पत्र की आवश्यकता से अवगत कराया।

जम्बूरी स्थल का सम्पूर्ण राष्ट्र से आने वाले संभागियों के सुगम आवागमन हेतु विशेष ट्रेन संचालन तथा जोधपुर से रोहट तक संभागियों की पहुंच हेतु रेल्वे विभाग व राजस्थान रोडवेज से मीटिंग किये जाने का निर्णय किया गया। जोधपुर से लूणी तक जम्बूरी अवधि में पृथक से ट्रेन चल सके इस पर उच्च स्तर पर प्रयास किये जाने पर भी चर्चा गई।

जम्बूरी हेतु प्रथम से वैबसाईट/पोर्टल तैयार कराने का निर्णय लिया गया। इस बाबत राज्य मुख्य आयुक्त महोदय ने राज्य सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय से वैबसाईट/पोर्टल बनवाने हेतु निर्देशित किया।

मुख्य सचिव महोदय के कक्ष में आयोजित उक्त बैठक के पश्चात सभी अधिकारियों ने राज्य मुख्यालय, बजाज नगर पर बैठक कर जम्बूरी आयोजन से जुड़े प्रत्येक विषय पर विचार–विमर्श किया तथा राज्य मुख्य आयुक्त महोदय द्वारा प्राप्त निर्देशों की पालना के लिए कार्य–योजना तैयार की।

सभी के आभार के साथ बैठक समाप्त की गई।





विशेष

# नियुक्तियां

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य ने आदेश जारी कर निम्न को राज्य संगठन के निम्नांकित पदों पर नियुक्ति प्रदान की है –

**स्टेट कमिश्नर (स्काउट)** — **श्री काना राम, आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर–राजस्थान

**स्टेट कमिश्नर (रोवर)** — **श्री निर्मल पंवार,**
कुलपति, महात्मा ज्यातिराव फूले विश्वविद्यालय

**स्टेट कमिश्नर (कब)** — **डॉ. भंवर लाल, आई.ए.एस.**
जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही

**स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)** — **श्री महेन्द्र कुमार पारख, आई.ए.एस.**
आयुक्त, उद्योग (विनियोजन एवं अप्रवासी भारतीय), राजस्थान, जयपुर

**स्टेट कमिश्नर (गाइड)** — **श्रीमती रुक्मणि रियार सिहाग, आई.ए.एस.**
जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

**स्टेट कमिश्नर (रेंजर)** — **श्रीमती शुचि त्यागी, आई.ए.एस.**
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान–जयपुर

**स्टेट कमिश्नर (बुलबुल)** — **सुश्री टीना डाबी, आई.ए.एस.**
संयुक्त शासन सचिव, वित्त (कर) विभाग, जयपुर

**स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)** — **श्रीमती मुग्धा सिन्हा, आई.ए.एस.**
शासन सचिव एवं आयुक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर

## स्टेट कमिश्नर (हैडक्वार्टर्स–स्काउट)

**श्री आनन्द कुमार, आई.ए.एस.**
प्रमुख शासन सचिव, राजस्व, उपनिवेशन, सैनिक कल्याण विभाग एवं आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान

**श्री नवीन महाजन, आई.ए.एस.**
अध्यक्ष, राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

**डॉ. एस. आर. जैन**
पूर्व राज्य सचिव

**डॉ. अखिल शुक्ला, अधिवक्ता**
पूर्व स्टेट कमिश्नर (कब)

**राष्ट्रीय जम्बूरी कॉर्डिनेटर** — **श्री एस.के. सोलंकी, आई.ए.एस.(से.नि.)**
पूर्व स्टेट कमिश्नर

**राज्य संगठन की ओर से सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...**

**संपादक**

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (अंग्रेजी: International Mother Language Day) 21 फरवरी को मनाया जाता है। 17 नवंबर, 1999 को यूनेस्को ने इसे स्वीकृति दी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले।

मातृभाषा आदमी के संस्कारों की संवाहक है। मातृभाषा के बिना, किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना बेमानी है। मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित करती है। मातृ भाषा आत्मा की आवाज है तथा देश को माला की लड़ियों की तरह पिरोती है। माँ के आंचल में पल्लवित हुई भाषा बालक के मानसिक विकास को शब्द व पहला सम्प्रेषण देती है। मातृ भाषा ही सबसे पहले इंसान को सोचने–समझने और व्यवहार की अनौपचारिक शिक्षा और समझ देती है। बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में ही करानी चाहिए।

नेशनल ग्रीन कोर

# स्काउटर श्री रावत को 'वाटर हीरोज' पुरस्कार



कोटड़ा विद्यालय के शिक्षक स्काउटर नरेन्द्र सिंह रावत को भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास मंत्रालय द्वारा 'वाटर हीरोज' पुरस्कार से नवाजा गया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण सचिव पंकज कुमार ने अपने हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र सहित 10 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप शिक्षक स्काउटर नरेन्द्र सिंह रावत को प्रदान की।

श्री रावत गत कई वर्षों से कोटड़ा व अलग अलग शिक्षण संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर समुदाय व स्काउट विद्यार्थियों के साथ मिलकर जल संरक्षण हेतु उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। वर्षा जल संचयन, भूमि जल संरक्षण, संस्थाओं व घरों के व्यर्थ बहते पानी का प्रबंधन सहित जन जागरण द्वारा आम जन को जल प्रबंधन हेतु जागरूक करने का कार्य निरंतर जारी हैं। उनके इन्हीं कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई हैं। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जून 2021 का वाटर हीरोज विजेता घोषित किया गया हैं। इस शानदार उपलब्धि पर कोटड़ा विद्यालय परिवार व विद्यालय प्रबंधन समिति ने हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षक रावत को बधाईयां दी।

प्रधानाचार्य अवधेश शर्मा, पारी प्रभारी अनिल शर्मा, तृप्ति राठौड़, चन्दू बाला शर्मा, भेरू राम बुनकर, सुषमा केड़िया, सुनील सिंह, मोना काठात, शिवा राम, गौरव शर्मा, हेमराज, साबिर हुसैन, नरेन्द्र नोगिया, मनीष शर्मा, राजकुमार, प्रशान्त सरावगी, दिलीप सिंह सहित समस्त स्टाफ ने प्रशस्ति पत्र सौंपकर नरेन्द्र सिंह रावत को शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय हैं कि कोटड़ा विद्यालय को स्काउटर नरेन्द्र सिंह रावत के निर्देशन में अभी तक पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, कचरा प्रबंधन व जैवविविधता के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं।

# कोरोना से बचाव जनजागरूकता सप्ताह

## जिला मुख्यालय, कोटा

### दिनांक 03 से 08 जनवरी 2022

| क्र.सं. | गतिविधि का नाम | गतिविधि | दिनांक | स्थान | संभागी संख्या | कार्यकारी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मास्क वितरण कार्यक्रम | 6 | 03.01.2022 | कोटडी, छावनी, नयापुरा संजय बस्ती, रामपुरा | 75 | मास्क वितरण |
| 2 | जनजागरूकता रैली | 3 | 04.01.2022 | किशोर सागर तालाब से नयापुरा ,ग्राम सांगोद, ग्राम कनवास | 87 | जनजागरूकता |
| 3 | ग्रामीण एरिया में मास्क वितरण व संगोष्ठी | 5 | 05.01.2022 | केवलनगर, बावडीखेडा, आलनिया, रेत्या चौकी, कसार | 59 | मास्क वितरण व जनजागरूकता |
| 4 | वेक्सीनेशन जागरूकता संगोष्ठी | 3 | 06.01.2022 | शिवपुरा, विनोभा भावे नगर, कृष्णा नगर | 46 | वेक्सीनेशन हेतु जागरूकता |
| 5 | जनजागरूकता हेतु | 01 | 07.01.2022 | संतोषी नगर | 38 | वेक्सीनेशन एवं मास्क हेतु मानव श्रंखला जागरूकता |
| 6 | जनजागरूकता रैली | 02 | 08.01.2022 | महावीर नगर, दादाबाडी | 43 | वेक्सीनेशन एवं मास्क हेतु जागरूकता |

# राज्य स्तरीय 62वां रोवर मूट 48वीं रेंजर मीट

दिनांक 26 से 30 दिसम्बर, 2021

**महेश कालावत**
सर्कल ऑर्गेनाइजर (स्काउट)
झुन्झुनू






दीप प्रज्ज्वलित कर मूट-मीट का उद्घाटन करते हुए जिला कलक्टर उमरदीन खान

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के वार्षिक कार्यक्रमानुसार रोवर/रेंजर की क्षमता, कौशल, परस्पर सहयोग, सेवाभाव, शिविर जीवन, तकनीकी ज्ञान, प्रदर्शन, साहसिक गतिविधियाँ, आत्मविश्वास एवं प्रतियोगिता की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय 62 वां रोवर मूट एवं 48 वीं रेंजर मीट का आयोजन दिनांक 26 से 30 दिसम्बर ,2021 तक राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झुंझुनू पर किया गया।

## उद्घाटन समारोह :

26 दिसम्बर, 2021 को जिला कलक्टर उमरदीन खान के मुख्य आतिथ्य एवं भामाशाह बजरंग लाल अग्रवाल (सोलाना वाले) की अध्यक्षता तथा आत्माराम टिबड़ेवाल (राज्य उपाध्यक्ष) के विशिष्ट आतिथ्य में ध्वजारोहण के साथ रोवर मूट/रेंजर मीट का शुभारम्भ किया गया। जिला कलक्टर यू.डी. खान ने कहा कि झुंझुनू की धरा वीरों की भूमि है। यहाँ का युवा मातृभूमि की रक्षार्थ अपना सर्वस्व त्याग करने को आतुर रहता है। स्काउट संगठन के माध्यम से राष्ट्र के लिए सुयोग्य नागरिक तैयार किये जाते हैं, यहाँ सामाजिक, आध्यात्मिक, चारित्रिक, मानसिक तथा शारीरिक क्षमताओं का विकास किया जाता है।

इस अवसर पर राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संतोष निर्वाण, सहायक राज्य संगठन आयुक्त बीकानेर मानमहेन्द्र सिंह भाटी, जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पितराम सिंह काला, भामाशाह विश्वनाथ टीबड़ा, ताराचन्द अग्रवाल, उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग विप्लव न्यौला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर, निदेशक ज्योति विद्यापीठ सी.सै. स्कूल, बगड़ चिरंजीलाल सैनी उपस्थित रहे। प्रथम दिन संभागवार लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रोवर्स रेंजर्स ने बढ़ चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

## प्रदर्शनी उद्घाटन :

द्वितीय दिवस दिनांक 27.12.2021 को झुंझुनूं जिले के मण्डावा विधानसभा की




लोकप्रिय विधायक सुश्री रीटा चौधरी ने प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। राजस्थान की लोककला, संस्कृति, रहन–सहन, पहनावा, खान–पान, विरासत एवं सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में प्रत्येक मण्डल एवं जिला मुख्यालय द्वारा किये गये कार्यों को प्रदर्शित एवं उल्लेखित किया गया। प्रदर्शनी में अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर मण्डल के रोवर रेंजर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक रीटा चौधरी ने कहा कि जीवन में कठिनाइयों से घबरायें नहीं निरन्तर संघर्ष कर मुस्कुराते हुये आगे बढ़े।

### फैशन शो प्रतियोगिता :

राजस्थान प्रदेश के चुनिन्दा रोवर रेंजर्स ने 'गांधी जी बनो' फैशन शो प्रतियोगिता में भाग लिया। गांधी जी के साथ–साथ कुछ रेंजर्स ने उनकी पत्नि कस्तूरबा गांधी का रूप भी धारण किया। पूरा स्काउट कैम्पस गांधीमय हो गया।

### स्किल-ओ-रामा प्रतियोगिता :

इसमें प्रत्येक ग्रुप से 2–2 रोवर रेंजर्स ने भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वेस्ट से बेस्ट बनाने का जीवन्त प्रदर्शन किया गया तथा उपयोगी सामान बनाकर उससे धनोपार्जन करने का कौशल दिखाया गया।

### क्रू–टीम अभिलेख प्रतियोगिता :

इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत ग्रुपों की क्रू, टीम रजिस्टर, लॉगबुक, उपस्थिति पंजिका, परिपत्र फाइल, उपलब्धियाँ, शील्ड, प्रमाण–पत्र आदि की जाचं की गई।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता :

रोवर मूट व रेंजर मीट के संभागी रोवर्स के ज्ञान में अभिवृद्धि के लिए विश्व संबंधी मामलों की समस्याओं पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### आपदा प्रबंधन :

रोवर रेंजर का आदर्श वाक्य ''सेवा'' है। इसी सेवा शब्द को चरितार्थ करते हुये आपदा प्रबंधन का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। जिसके अन्तर्गत आग लगना, भुकम्प, बाढ़, सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, मानवीय आपदा, आकाशीय बिजली गिरना, चक्रवात, तुफान जैसी आपदाओं के दौरान प्रबंधन, बचाव एवं



राहत कार्यों का जीवन्त प्रदर्शन हर किसी को दाँतों तले अंगूली दबाने को मजबूर कर रहा था।

### क्रॉस कन्ट्री एडवेंचर नाईट हाइक :

राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गोपाराम माली ने रोवर रेंजर्स की क्षमताओं एवं परस्पर सहयोग की भावनाओं को परखने के लिए क्रॉस कंट्री एडवेंचर नाईट हाईक के लिए निर्देशित किया था। एडवेंचर नाईट हाइक को लेकर राजस्थान की युवा तरूणाई बेहद रोमांचित थी। रात्रि हाइक पर जाने से पूर्व प्रदीप मोहन शर्मा पुलिस अधीक्षक झुंझुनू ने राजस्थान के युवाओं से आहवान किया कि लक्ष्य केन्द्रित कर जीवन में आगे बढ़े। वीर प्रसूता भूमि झुंझुनू से कुछ नया सीखकर जाने की बात कही। इसी दौरान जवाहर चौधरी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला



मंजु सपेरा एण्ड पार्टी द्वारा कालबेलिया व चरी नृत्य



परिषद झुंझुनू ने अनुशासन का जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को अपनी आंतरिक शक्तिओं को पहचान कर अपने हुनर व कौशल को विकसित करना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद झुंझुनू ने हरी झण्डी दिखाकर क्रॉस कन्ट्री एडवेंचर नाईट हाइक को रवाना किया। संभागियों का उत्साह, जोश, उमंग चरम पर था।

## नया अनुभव दे गई रात्रि एडवेंचर नाईट हाइक -

रोवर मूट व रेंजर मीट के संभागियों ने जोश, उत्साह, उमंग के साथ नाईट एडवेंचर हाइक में भाग लिया। कड़ाके की ठण्ड, ठण्डी हवाओं के थपेड़े फिर भी युवा तरूणाई रात के अंधेरे में निनाद लगाते, भारत मां का जयघोष करते हुये आगे बढ़ती रही। नये रोवर्स रेंजर्स को सामूहिकता, सौहार्द, सद्भाव, भाईचारा, परस्पर सहयोग की भावना यह हाईक दे गई। साथ ही हाईक के दौरान क्या–क्या सावधानियां एवं सामग्री साथ होनी चाहिए का अनुभव सिखा गई।

एडवेंचर हाइक के समापन पर सभी ज्योति विद्यापीठ सी.सै.स्कूल बगड़ पंहुचे जहाँ पर रात्रि में भी विद्यालय के निदेशक चिरंजीलाल जी सैनी के नेतृत्व में विद्यालय परिवार स्वागत को पलक पावड़े बिछाकर स्वागतातुर था। सभी का विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। रोवर्स रेंजर्स के जोश और उमंग को देखते हुये रात्रि में आनन्द एण्ड पार्टी (म्यूजिकल ग्रुप) द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। हमारे रोवर रेंजर्स ने भी थकान का अनुभव किये बिना जमकर लुत्फ उठाया।

## स्थानीय विजिट कार्यक्रम :

मूट–मीट का तीसरा दिन 28 दिसम्बर सबके लिए महत्वपूर्ण था सभी को आज युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानन्द



के जीवन दर्शन पर निर्मित श्री अजीत संग्रहालय खेतड़ी का अवलोकन करना था। प्रातःकाल ही ज्योति विद्यापीठ सी.सै.स्कूल बगड़ में विद्यालय परिवार की तरफ से शानदार अल्पाहार की व्यवस्था थी, यहाँ रोवर रेंजर्स ने जी भरकर दूध जलेबी का लुत्फ उठाया।

अल्पाहर करने के बाद रोवर–रेंजर्स आगे के स्थानों के अवलोकनार्थ बस में बैठ गये। विद्यालय निदेशक चिरंजीलाल सैनी, राज्य संगठन आयुक्त गाइड संतोष निर्वाण, सहायक राज्य संगठन आयुक्त मानमहेन्द्र सिंह भाटी ने बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। खेतड़ी पहुचने पर हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के अधिकारियों एवं स्थानीय संघ सचिव जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मूट–मीट संभागियों का भव्य स्वागत किया गया। राजस्थान की युवा तरूणाई युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानन्द स्मारक (रामकृष्ण मिशन) खेतड़ी पहुंचे, माँ भारती एवं वन्देमातरम् तथा स्वामी विवेकानन्द अमर रहे के जय घोष के साथ युवा शक्ति–मातृ शक्ति स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन दर्शन को समर्पित श्री अजीत स्मारक को निहार रहे थे।

स्मारक के मुख्य द्वार पर 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था है, यहाँ पर ऑडियो के माध्यम से स्वामी जी के जीवन दर्शन से रूबरू करवाया गया। सभी रोवर्स रेंजर्स ग्रुपों के अनुसार स्मारक में प्रवेश करते गये एवं स्वामी विवेकानन्द (नरेन्द्र) के बाल्यकाल से शिकागो तक की यात्रा एवं उनके जीवन दर्शन के संस्मरण एवं कार्यों को देखा। यहाँ पर स्वामी आत्मानिष्ठानन्द ने सभी को स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन दर्शन पर व्याख्यान दिया।

रोवर रेंजर्स के फोटोग्राफी के साथ दोपहर के भोजन का आनन्द लिया और पन्नाशाह सागर (तालाब) से रवाना होकर सामाजिक सौहार्द के प्रतीक, धार्मिक आस्था के केन्द्र रामेश्वर धाम मंदिर (टीबा बसई) पहुंचे। यहाँ पर श्री रामभक्त पवनपुत्र हनुमान की 41 फीट ऊँची प्रतिमा लगी हुई थी, मंदिर परिसर में भव्य शिव मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहाँ पर भारतीय अथवा विदेशी मुद्रा चढ़ावे में नहीं ली जाती है, केवल धान या फल ही चढ़ावे में लेते हैं।

रामेश्वर धाम मंदिर (टीबा बसई) से रवाना होकर चिड़ावा पहुंचे जहाँ पर उपखण्ड अधिकारी संदीप चौधरी एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुमित्रा देवी तथा स्थानीय संघ सचिव महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रोवर्स रेंजर्स एवं पदाधिकारियों का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। सभी रोवर्स रेंजर्स को भोजन पैकेट वितरित किये गये।

ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक स्थलों के भ्रमण के बाद सायं 7:30 बजे सभी रोवर्स रेंजर्स झुंझुनू शिविर केन्द्र पहुंचे, जहाँ पर पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर श्री उमरदीन खान एवं एडीएम श्री जे.पी.गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष स्काउट आत्माराम टिबड़ेवाल, देवेन्द्र सिंह सहायक निदेशक पर्यटन विभाग के सान्निध्य में आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में जयपुर की मंजू सपेरा एण्ड पार्टी ने भव्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से खूब तालियाँ बंटोरी। एक कलाकार ने नृत्य करते हुये आग से कई करतब दिखाये जो कि अचम्भित करने वाला था। इस दौरान मंजू सपेरा एण्ड पाटी ने भवाई, चरी, घूमर, बंजारा बंजारी, कालबेलिया नृत्यों से सबको झुमने को मजबूर कर दिया।

## साहसिक गतिविधियां :

चतुर्थ दिवस 29 दिसम्बर रोवर्स रेंजर्स के लिए बेहद ही रोमांचकारी था, क्योंकि आज साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाना था। प्रातः ध्वजारोहण लोकप्रिय सांसद श्री नरेन्द्र कुमार के कर कमलों द्वारा हमारे राज्य सचिव डॉ. पी.सी.जैन एवं सेटलमेण्ट कमिश्नर श्री महेन्द्र कुमार पारख (आई.ए.एस.) के आतिथ्य तथा जिला प्रमुख श्रीमती हर्षिनी कुल्हरी की अध्यक्षता में किया गया। इन्ही के द्वारा एडवेंचर गतिविधियों का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। एडवेंचर गतिविधियों में टायर वॉल, मंकी ब्रिज, गन शुटिंग, ब्रह्मा ब्रिज, टायर टनल, जम्पिंग, बास्केट बॉल, बाल्टी में सिक्का डालना, लेडर क्रॉसिंग, तिलक लगाना, स्टील वॉकिंग, टायर चिमनी, कमाण्डो







साहसिक गतिविधियों का उद्घाटन करते हुए
श्रीमती हर्षिनी कुल्हरी, महेन्द्र पारख एवं डॉ. पी.सी. जैन

ब्रिज, वॉचिंग टावर, तीरंदाजी, टायर जम्प, मंकी क्रॉलिंग, टचिंग पॉइन्ट, डिब्बे गिराना, रिंग डालना, पतंग उड़ाना, साइकिल चलाना, पेड़ पर चाय बनाना, समीकरण हल करना, मनोवैज्ञानिक प्रश्नों सहित विभिन्न साहसिक एवं फन गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन सभी में रोवर्स रेंजर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा एडवेंचर कार्ड पर संबंधित प्रभारियों के हस्ताक्षर करवाये।

### एडवेंचर गतिविधियां एक नजर में-

टचिंग पॉइण्ट, टायर जम्पिंग, आंखो पर पट्टी लगाकर तिलक लगाना, बॉल से डिब्बे गिराना, बम्बू में रिंग डालना, मंकी क्रॉलिंग, तिरंदाजी, जम्पिंग, पंतग उड़ाना, बाधाओं में साइकिल चलाना, पेड़ पर चाय बनाना, गन शुटिंग, बाल्टी में सिक्का डालना, ब्रह्मा ब्रिज, टायर वॉल, मंकी ब्रिज, टायर चिमनी, आदि गतिविधियों में रोवर रेंजर ने अपने साहसिक दमखम का परिचय दिया।

### सांसद कोटे से ५ लाख देने की घोषणा :

कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री नरेन्द्र कुमार ने सांसद कोटे से स्काउट गाइड कार्यालय में 5 लाख रूपये की लागत से 5 हट्स निर्माण के लिए घोषणा की एवं अतिशीघ्र राशि जारी करने की बात कही।

सांसद नरेन्द्र कुमार ने प्रदर्शनी अवलोकन किया, राज्य



सचिव डॉ. पी.सी. जैन एवं सेटलमेंट कमिश्नर श्री महेन्द्र पारख ने भी रोवर्स रेंजर्स की हौसला अफजाई की।

रात्रि विशाल कैम्प फायर में मचाई धूम :– राजस्थान प्रदेश के रोवर्स रेंजर्स ने रात्रि कैम्प फायर में एक से बढ़कर एक लाजवाब एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी, जिसकी मुक्त कण्ठ से दर्शकों एवं अतिथियों द्वारा सराहना की गई। जिला कलक्टर उमरदीन खान, अतिरिक्त जिला कलक्टर जे.पी. गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष आत्माराम टिबड़ेवाल, शिविर संचालिका एवं राज्य संगठन आयुक्त गाइड संतोष निर्वाण तथा सहा.राज्य संगठन आयुक्त स्काउट मान महेन्द्रसिंह भाटी ने रोवर्स रेंजर्स द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों के लिए धन्यवाद दिया।

जिला कलक्टर यू.डी.खान एवं अति.जिला कलक्टर जे.

पी.गौड़ ने रात्रि में 11 बजे प्रदर्शनी का विजिट किया तथा रात्रि 12:30 बजे सभी रोवर्स रेंजर्स के सोने के बाद व्यवस्थाओं का जायजा लेकर घर को रवाना हुए।

## समापन व विदाई की वेला :

अन्तिम दिवस 30 दिसम्बर विदाई की बेला.....सभी रोवर्स रेंजर्स प्रातः 6 बजे ही पूर्ण रूप से तैयार होकर रानी सतीजी के दर्शनार्थ गये, वापसी में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया।

जिला कलक्टर श्री यू.डी. खान, अति. जिला कलक्टर श्री जे.पी. गौड़, राज्य उपाध्यक्ष आत्माराम टिबड़ेवाल के कुशल नेतृत्व में समापन समारोह का आयोजन किया गया। **विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन में रोवर में प्रथम स्थान बीकानेर, द्वितीय सीकर तथा तृतीय स्थान भीलवाड़ा का रहा। झुंझुनू को सांत्वना पुरस्कार से संतुष्ट होना पड़ा। इसी प्रकार रेंजर में प्रथम स्थान सीकर, द्वितीय बीकानेर एवं झुंझुनूं संयुक्त रूप से तथा तृतीय स्थान पर चित्तौड़गढ़ की रेंजर्स रहीं।**

सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह् एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। साथ ही राजस्थान के सभी ग्रुपों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान किये गये। रोवर्स रेंजर्स को भी क्रॉस कन्ट्री एडवेंचर ऑवर नाईट हाइक एवं रोवर मूट एवं रेंजर मीट सहभागिता का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## पुनः मिलेंगे के साथ हुए रवाना :

आंखो में बिछुड़ने के आँसू, नम आंखें, दिल में कसक, मन विचलित लेकिन पुनः मिलेंगे के वादे के साथ राजस्थान के रोवर्स रेंजर्स ध्वजावतरण, राष्ट्रगान एवं भोजनोपरान्त अपने–अपने गंतव्य को रवाना हो गये। बहुत सारे रेंजर्स एवं रोवर्स फफक–फफक कर रोये, जिन्हें ऑर्गेनाइजिंग स्टाफ एवं झुंझुनू के संचालक दल ने भाव विभोर होने से रोका। मुझे विश्वास है कि शिविर के ये 5 दिन सभी को सदैव याद रहेंगे।

## रोवर विभाग में पुरस्कार



प्रथम–बीकानेर



द्वितीय–सीकर



तृतीय–भीलवाड़ा

## रेंजर विभाग में पुरस्कार



प्रथम – झुन्झुनू



द्वितीय – बीकानेर



तृतीय – चित्तौड़गढ़

स्टेट चीफ कमिश्नर श्रीमान निरंजन आर्य, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गोपाराम माली तथा समस्त राज्य मुख्यालय पदाधिकारियों का आभार, जिन्होंने झुंझुनू जिले को राज्य स्तरीय आयोजन का जिम्मा सौंपा।

शिविर संचालिका श्रीमती संतोष निर्वाण एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त मानमहेन्द्र सिंह भाटी का धन्यवाद जिन्होंने इस आयोजन की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। सी.ओ. स्काउट चूरू के श्री महिपाल सिंह तंवर, सीकर के श्री बसंत कुमार लाटा , बीकानेर के श्री जसवंत सिंह राजपुरोहित, उदयपुर की श्रीमती विजय लक्ष्मी, लिपिक ओमप्रकाश शर्मा, सहायक कर्मचारी योगेश स्वामी का आभार धन्यवाद उन्होंने इस मूट मीट में अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

हमारे जिले के प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी जिला कलक्टर श्री यू. डी. खान. के कुशल एवं प्रभावी नेतृत्व को सैल्यूट जिन्होंने हमें कदम–कदम पर आर्थिक सहयोग एवं प्रशासनिक मशीनरी उपलब्ध करवाई, आयोजन के नॉडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री जे.पी. गौड़ का आभार जिन्होंने जिला कलक्टर महोदय के निर्देशन में मूट–मीट की सर्वस्व व्यवस्थाओं को अन्जाम दिया। हमारे राज्य उपाध्यक्ष श्री आत्माराम टिबड़ेवाल का अभिनन्दन स्वागत जिनके अथक प्रयासों से हमें भामाशाहों का सहयोग मिला। सी.ओ. गाइड सुभिता कुमारी महला का बहुत–बहुत आभार जिन्होंने मेरे साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर पूर्ण सहयोग किया। झुंझुनू की स्काउटर गाइडर टीम को साधुवाद कि उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। यहाँ के रोवर रेंजर्स को धन्यवाद जिनकी बदौलत हम व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर पाये। बिना किसी व्यवधान एवं दुर्घटना के यह आयोजन सफल हो सका उसके लिए परमपिता परमेश्वर का आभार।

हमारा स्वास्थ्य

# सर्दियों में स्वस्थ रहने के घरेलू उपाय

डॉ. पी.सी. जैन
राज्य सचिव
साभार-'अच्छीखबर' वेबसाइट

मालिश से स्वास्थ्य सुधरता है, त्वचा की कान्ति निखरती है। शीत ऋतु में वातावरण में रुक्षता होती है जिससे त्वचा एवं होंट आदि फटने लगते है, त्वचा रूखी हो जाती है। मालिश करने से त्वचा में चिकनापन आता है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर में खून का दौरा सुचारु रूप से चलता है, शरीर सुन्दर एवं सुगठित हो जाता है। इसलिए नित्य मालिश अवश्य करें।

सर्दी का मौसम सेहत के लिहाज से बेहतरीन मौसम माना जाता है। इस समय पाचन शक्ति अच्छी रहती है, भूख भी अच्छी लगती है, खाया पीया अच्छे से हजम हो जाता है। रातें लम्बी होती हैं, जिससे आराम करने को भी पर्याप्त समय मिल जाता है। जिस प्रकार एक व्यापारी व्यापार के सीजन में खूब मेहनत करके पर्याप्त धन अर्जित कर लेता है और फिर वर्ष के शेष समय में कम आय होने के बावजूद आराम से जीवनयापन कर पाता है, उसी प्रकार हमें शीत ऋतु में पौष्टिक आहार एवं व्यायाम, योगा आदि के द्वारा पर्याप्त बल एवं शक्ति अर्जित कर लेनी चाहिए, ताकि वर्ष पर्यन्त स्वस्थ रह सकें।

## सर्दियों में इन बातों पर ध्यान दें-

### पौष्टिक पदार्थ लें-

इस समय पाचकाग्नि तीव्र होती है, भूखे रहना नुकसानदायक होता है। इस दौरान घी, मक्खन, उड़द की दाल, गाजर का हलवा, गोंद के लड्डू, तिल के लड्डू, च्यवनप्राश, बादाम पाक, मूंगफली, गुड़ पपड़ी जैसे बल एवं शक्ति वर्धक पदार्थों का सेवन सीमित मात्रा में करना बेहतर रहता है।

### मेवा (ड्राई फ्रूट्स) खायें-

बादाम, काजू, पिस्ता, किशमिश, अखरोट, मूंगफली ये सब पोषक तत्वों से भरपूर हैं। विटामिन, खनिज लवण एवं एंटी ऑक्सीडेंट तत्वों का भंडार हैं, इनका सर्दी के मौसम में सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। साथ ही दूध, दही, छाछ का नियमित सेवन शरीर के लिए अत्यंत लाभदायक होता है। शीत ऋतु में मक्का, बाजरे की रोटी, घी, मक्खन, गुड़ के साथ सेवन करना स्वादिष्ट एवं गुणकारी होता है।

### मौसमी फल एवं हरी सब्जियां खाँयें-

अनार, आंवला, सेब, संतरा, अमरुद जैसे फल एवं गाजर, मूली, पालक, शकरकंद, गोभी, टमाटर, मटर जैसी सब्जियों में विटामिन, खनिज लवण एवं फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जिससे ये फल एवं सब्जियां सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं।

### शारीरिक रूप से सक्रिय रहें-

शीत ऋतु के दौरान भारी पदार्थों का सेवन ज्यादा किया जाता है तथा रातें लम्बी होने के कारण शरीर को आराम भी ज्यादा मिलता है। इस वजह से शरीर का वजन बढ़ने की पूरी सम्भावना रहती है, इसलिए व्यायाम, योगा आदि का नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। सुबह उठ कर पार्क आदि में घूमने जायें, तेज कदमों से चलें या दौड़ लगायें। इन उपायों से शरीर से पसीने के रूप में हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते है, शरीर का रक्त संचार बढ़ता है, तन मन स्वस्थ रहता है तथा जरुरत से ज्यादा वजन भी नही बढ़ पाता एवं शरीर की अंदरुनी शक्ति का विकास होता है।

### मालिश करें-

सुबह भ्रमण से आने के बाद हो सके तो कुछ देर सूर्य की धूप में बैठ कर सरसों, बादाम आदि के तेल से मालिश करें। सूरज की किरणों से विटामिन डी मिलता है जो की हड्डियों की मजबूती एवं ताकत के लिए बहुत जरुरी होता है। मालिश से स्वास्थ्य सुधरता है, त्वचा की कान्ति निखरती है। शीत ऋतु में वातावरण में रुक्षता होती है जिससे त्वचा एवं होंट आदि फटने लगते है, त्वचा रूखी हो जाती है। मालिश करने से त्वचा में चिकनापन आता है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर में खून का दौरा सुचारू रूप से चलता है, शरीर सुन्दर एवं सुगठित हो जाता है। इसलिए नित्य मालिश अवश्य करें।

### पानी पीने में आलस्य ना करें-

सर्दी में अधिकतर लोग पानी पीने में आलस्य करते हैं या यूँ कहें की प्यास ही कम लगती है, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है, त्वचा फटने लगती है, कमजोरी आ सकती है। इसलिए दिन भर में

7–8 गिलास पानी अवश्य पीयें। सर्दी में चाहें तो पानी गुनगुना करके पी सकते हैं। मोटापा कम करने के लिए सुबह सुबह भूखे पेट एक गिलास गुनगुने जल में एक नींबू का रस एवं एक चम्मच शहद डाल कर पीयें।

### शीत ऋतु में बीमारियों से करें बचाव–

सर्दी में ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, ठन्डे पेय एवं बासी भोजन का सेवन ना करें। ज्यादा ठण्ड होने पर अच्छी तरह गरम कपड़े पहन ओढ़ कर ही बाहर निकलें, विशेष रूप से बच्चे, बूढ़े लोग एवं औरतें खास ध्यान रखें। तापमान के घटने से इस समय रक्त गाढ़ा हो जाता है, इसलिए डायबिटीज, उच्च रक्त चाप एवं हृदय रोगियों को अतिरिक्त सावधानी रखनी चाहिए।

### सर्दी, जुकाम, खांसी होने पर निम्न घरेलु उपाय कर सकते हैं–

- एक गिलास गरम दूध में आधी चम्मच सोंठ पाउडर एवं चौथाई चम्मच हल्दी पाउडर डाल कर पीने से गले के दर्द, खांसी, जुकाम सर्दी में तुरंत आराम आ जाता है।
- सर्दी, जुकाम एवं नाक बंद होने पर नमक के पानी से गरारे करना तथा गरम पानी में विक्स जैसी दवा या कर्पूर धारा डाल कर भाप लेना बहुत फायदेमंद है।
- बार बार जुकाम होना, छींकें आना, नाक बंद होना यदि लगातार होता रहे तो साइनोसाइटिस, दमा, टॉन्सी लायटिस की सम्भावना बढ़ जाती है एवं इन्फेक्शन कान के परदे तक पहुँच जाता है, जिससे जब तक अंग्रेजी दवाइयाँ खाते हैं आराम रहता है, दवाइयाँ बंद करते ही प्रॉब्लम दुबारा शुरू हो जाती है या डॉक्टर ऑपरेशन के लिए बोल देते हैं। कई बार ऑपरेशन के बाद भी प्रॉब्लम दुबारा शुरू हो जाती है, ऐसी अवस्था में आयुर्वेद की दवायें लक्ष्मी विलास रस, बसंत मालती रस, सितोपलादि चूर्ण, कंटकारी अवलेह, गोजिव्ह्यादि, गोदन्ती, षड्बिन्दु आदि दवायें बहुत फायदेमंद होती हैं। इनका सेवन आयुर्वेद डॉक्टर की सलाह से ही करें।

**नोट : उपलब्ध सभी साम्रगी केवल पाठकों की जानकारी और ज्ञानवर्धन के लिए दी गई है। हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि किसी भी उपाय को आजमाने से पहले अपने चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें। हमारा उद्देश्य आपको रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी मुहैया कराना मात्र है। चिकित्सक की सलाह का कोई विकल्प नहीं है।**

## जन्म दिवस पर किया १०वीं बार रक्तदान



भारत स्काउट व गाइड, जिला सीकर के आभावास के प्रताप ओपन रोवर क्रू स्थानीय संघ रींगस के रोवर स्काउट निक्की कुमार जांगिड़ पुत्र राजेंद्र कुमार जांगिड़ ने अपने 22वें जन्मदिवस पर रक्तदान कर युवाओं को अपने जन्म दिवस पर रक्तदान करने की प्रेरणा दी। निक्की कुमार जांगिड़ ने 10 वीं बार रक्तदान किया और आगे भी करते रहने का संकल्प लेते हुए कहा कि मैं समय–समय पर हमेशा रक्तदान करता रहूंगा और लोगों के जीवन बचाता रहुँगा। इस अवसर पर जिले के युवाओं से अपील की कि रक्तदान से किसी का भी जीवन बच सकता है। जीवन रक्तदान के लिए सभी युवा समय–समय पर रक्तदान करते रहें। सीकर के सी.ओ. स्काउट बसंत कुमार लाटा ने रोवर निक्की को जन्मदिन पर रक्तदान की बधाई दी और इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जिले के समस्त रोवर स्काउट जरूरतमंद के लिए रक्तदान करें तथा बताया कि निक्की जॉंगिड़ स्काउट गाइड में राज्य पुरस्कार रोवर के रूप में लगातार 6 वर्षों से प्रदान कर रहे हैं और जांगिड़ ने कोविड–19 में भी लगातार सेवाएं दी थी। समाज में विभिन्न रूप से शानदार सेवाएं दे रहे हैं।

## CELEBRATIONS FOR - FEBRUARY 2022

| | | |
|---|---|---|
| 07 February | : | Safer Internet Day |
| 20 February | : | World Social Justice Day |
| 21 February | : | International Mother Language Day |
| 22 February | : | Baden Pawell Day or Founders' Day |
| 22 February | : | World Thinking Day |
| 28 February | : | National Science Day |

**Plan an activity with your unit on these days and send your success stories & photos to "scoutguidejyoti@gmail.com"**

# गतिविधि दर्पण

## प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर आयोजित गतिविधियों, शिविर इत्यादि की संक्षिप्त रिपोर्ट

### अजमेर मण्डल

#### स्थानीय संघ भीलवाड़ा जिला स्तर पर हुआ सम्मानित

- जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाड़ा के तत्वावधान में इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में 4 जनवरी को स्वयंसेवी संस्थाओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह जिला कलेक्टर शिव प्रकाश एम. नकाते के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ, जिसमें भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ भीलवाड़ा को कोरोना काल में कोविड–19 बचाव हेतु जनचेतना रथ का शहर के विभिन्न




वार्डो में संचालन, मास्क वितरण, सेनेटाइजेशन, कोरोना से बचाव की गाइड लाईन के पेम्पलेट वितरण आदि कार्यों के लिए जिला स्तर पर प्रशंसा पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सी.ओ. स्काउट व गाइड विनोद कुमार घारू व अनीता तिवारी द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए बताया गया कि स्थानीय संघ सचिव एवं सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट प्रेमशंकर जोशी ने पुरस्कार प्राप्त किया तथा कहा कि स्थानीय संघ क्षेत्र के समस्त स्काउटर गाइडर रोवर रेन्जर स्काउट गाइड के निष्ठापूर्वक किए गए सेवा कार्यों के कारण ही स्थानीय संघ भीलवाड़ा को जिला प्रशासन ने सम्मान के लिए चुना है।

### जयपुर मण्डल

#### नवबर्ष पर रोवर रेंजर्स ने दी अनाथ बच्चों को शुभकामनाएं

- 01जनवरी, 2022 को जयपुर जिले के रोवर रेंजर्स व सहा. राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) ने प्रताप नगर में महात्मा गांधी अस्पताल के पास स्थित अनाथालय में बच्चों के साथ नव वर्ष मनाया। इस अवसर पर अनाथालय के बच्चों के साथ बातचीत की तथा बच्चों को कई प्रकार के खेल खिलाएं और खेल प्रतियोगिता कर पुरस्कार वितरण किया। अनाथ बच्चों को टॉफी खाद्य सामग्री ब कपड़े वितरित किए। बच्चों के



चेहरों पर मुस्कान और प्रसन्नता देखकर सभी को बहुत खुशी हुई। अनाथालय के संचालक ने सेवाभावी स्काउट गाइड संगठन का आभार प्रकट किया।

#### स्काउट गाइड ने निकाली कोरोना जागरूकता रैली

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, लक्ष्मणगढ के तत्वावधान में 10 जनवरी को कोरोना जागरूकता रैली शिविर संचालक भागीरथमल शर्मा के निर्देशन में निकाली गई। रैली रघुनाथ बालिका विद्यालय लक्ष्मणगढ से रवाना होकर हाथों में बैनर व तख्तियां लेकर कोरोना जागरूकता नारे लगाते हुए विभिन्न मुख्य बाजार से होते हुए कोविड–19 जागरूकता की अलख जगाते हुए श्री श्रद्धानाथ जी के आश्रम पहुंची, जहां से



विभिन्न मार्गों से होते हुए रघुनाथ बालिका स्कूल पहुंचकर कोविड–19 पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लक्ष्मणगढ परी क्षेत्र के गांवो में जनजागृति लाने व कोविड–19 टीका लगवाने हेतु स्काउट गाइड सदस्यों को जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। रैली में सचिव सुशील कुमार एवं दुर्गाप्रसाद शर्मा तथा संयुक्त सचिव इन्दु शर्मा एवं समस्त संचालक मण्डल ने सहयोग प्रदान किया और जनसाधारण को कोविड टीके की दोनों डोज़ लगवाने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

#### सावित्रीबाई फुले के योगदान को किया याद

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, थोई (सीकर) द्वारा 3



जनवरी को सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय संघ प्रधान झाबरमल बींवाल एवं सहायक प्रभारी जिला कमिश्नर सतीश चंद्र शर्मा ने सावित्रीबाई फुले के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित किया। श्री शर्मा ने सावित्रीबाई फुले द्वारा महिला शिक्षा एवं महिला उत्थान के क्षेत्र में किए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले के इस योगदान के कारण ही आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, विज्ञान एवं खेलकूद के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना श्रेष्ठ योगदान दे रही हैं।

इस अवसर पर स्थानीय संघ सचिव सुवालाल कुमावत, सहायक सचिव घासीराम वर्मा, स्काउटर रामकरण वर्मा, सुरेश कुमार, गाइडर सरोज लता, रोवर लीडर गुलजारी लाल सैनी, रेंजर सोनू साईं, गायत्री सैनी, रोवर चंदन शर्मा, विकास कुमार यादव, रामकृष्ण सैन तथा स्काउट्स एवं गाइड्स उपस्थित रहे।

## निपुण प्रशिक्षण शिविर में रोवर-रेंजर ने की सहभागिता

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर और स्थानीय संघ नीमकाथाना के अंतर्गत स्थानीय सेठ नंदकिशोर पटवारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमकाथाना में आयोजित रोवर्स और रेंजर्स के निपुण प्रशिक्षण शिविर में 28 दिसंबर 2021 को विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुई। दैनिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 10 बजे प्रोफेसर आर.सी. बैरवा व डॉ. चंद्रप्रभा ने ध्वजारोहण कर सत्र का उद्घाटन किया। तत्पश्चात लीडर ट्रेनर गिरधारी लाल डांवर, काउंसलर



कैलाश चंद्र शर्मा, छैल बिहारी जाखड़, जगदीश प्रसाद सारस्वत व स्थानीय संघ के सचिव दिलीप तिवारी के नेतृत्व में रोवर्स और रेंजर्स ने योगाभ्यास और प्राणायाम किया। इस दौरान रोवर लीडर डॉ. बी.एस. अभय व प्रोफेसर संजय कुमार ने भी रोवर्स व रेंजर्स का मार्गदर्शन किया। द्वितीय सत्र में सैद्धांतिक कालांश आयोजित किए गए। जिसमें रोवर्स व रेंजर्स को प्रथम सोपान की गाँठो के विभिन्न प्रकारों से अवगत करवाया गया तथा गांठे लगाना, टेंट लगाना, गांठे खोलना, टेंट खोलना आदि गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया गया। इसके पश्चात विश्राम सत्र और मनोरंजन सत्र आयोजित किया गया। जिसमें रोवर्स और रेंजर्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी तथा अंतिम सत्र में सैद्धांतिक कालांश आयोजित किए गए और ध्वजावतरण के साथ दैनिक कार्यक्रमों का समापन हुआ।

## स्काउट गाइड ने स्वयं के वैक्सीन लगवाई एवं अन्य बच्चों को किया प्रेरित

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला सीकर के स्थानीय संघों के स्काउट गाइड सदस्यों ने जिले के गांवों एवं कस्बों व शहर के विद्यालयों में 4 जनवरी को 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग छात्र छात्राओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कोविड 19 वैक्सीनेशन कार्य में बढ चढकर हिस्सा लिया। स्काउट गाइड सदस्यों ने स्वयं के भी कोविड 19 वैक्सीन लगवाई एवं पूरे दिन वैक्सीन शिविरों में व्यवस्था बनाने, वैक्सीन लगवाने, कतार बनाने, जल व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। राजकीय उमावि अमरापुरा, राउमावि दॉता,



राउमावि दिवराला, शहीद जे पी यादव रामावि नीमकाथाना, राउमावि हाथीदेह, गजानन्द मोदी राउमावि नीमकाथाना, एस एन के पी कॉलेज नीमकाथाना के रोवर्स, सावित्री राबाउमावि लक्ष्मणगढ की गाइडस, राउमावि भोजासर बडा, राउमावि दिसनाउ, राउमावि सरगोठ, राउमावि रामपुरा खण्डेला, राउमावि सिहोट बडी, रामावि चौलासी सहित अनेक विद्यालयों में शानदार सेवाएं प्रदान की जिसकी जिला कलक्टर सीकर अविचल चतुर्वेदी एवं रामचन्द्र पिलानियाँ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर, बसन्त कुमार लाटा सी ओ स्काउट सीकर ने भूरि भूरि प्रशन्सा की। स्काउट गाइड

जनजागृति कार्य पूर्ण मनोयोग से तथा अपने सहपाठी छात्र छात्राओं को भी वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं।

## जोधपुर मण्डल

### वैक्सीनेशन वाहन के साथ सेवा

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, जोधपुर, जिला प्रशासन, नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में गर्ल गाइड हैडक्वार्टर्स, जोधपुर से वैक्सीनेशन वाहनों को विधायक शहर मनीषा पंवार, जिला कलक्टर जोधपुर इंद्रजीत सिंह, महापौर उत्तर नगर निगम कुंती परिहार देवड़ा व सीएमएचओ बलवंत मंछा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड ने व्यवस्थाओं एवं वैक्सीनेशन वाहन के साथ सेवाएं प्रदान की।



### रोवर-रेंजर का दीक्षा समारोह हुआ आयोजित

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय सिरोही में सी.ओ. स्काउट नरेंद्र खोरवाल के निर्देशन में दीक्षा समारोह आयोजित किया गया।

राजकीय महाविद्यालय सिरोही के रोवर समन्वयक डॉ. कन्हैया लाल ने बताया कि महाविद्यालय में वर्तमान सत्र में 20 रोवर का प्रवेश हुआ जिनका जिला स्तरीय निपुण अवार्ड शिविर के लिए चयन किया गया, जिसका पाठ्यक्रम दीक्षा संस्कार सी.ओ. स्काउट नरेंद्र खोरवाल के निर्देशन में आयोजित हुआ। दीक्षा प्रक्रिया में एक–एक करके सभी रोवर्स के स्काउट कैप, स्कार्फ, प्रवेश बैज लगाकर प्रतिज्ञा का दोहरान कराया। कार्यक्रम की अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कमला बंधु रही। प्राचार्य कमला बंधु ने सभी रोवर रेंजर को बधाई दी एवं सर्वोच्च पुरस्कार राष्ट्रपति अवार्ड तक पहुंच कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। राजकीय महाविद्यालय सिरोही के रेन्जर समन्वय डॉ. मीना जैन ने समारोह में उपस्थित अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया साथ ही रेंजर्स द्वारा सरस्वती वंदना का वाचन किया गया एवं बताया कि रेन्जर की प्रवेश प्रक्रिया चालू है,



योग्य छात्राओं का चयन कर निपुण शिविर हेतु जिला स्तर पर भेजा जाएगा।श्री खोरवाल ने सभी नव प्रवेशित रोवर रेंजर को प्रार्थना, झंडा गीत, ध्वजारोहण के समय खड़ा रहने का तरीका के जानकारी देने के पश्चात सेमिनार हॉल में रोवर रेन्जर के पाठ्यक्रम के अनुसार योग्यता वृद्धि सोपान के अंतिम चरण व सर्वोच्च पुरस्कार राष्ट्रपति अवार्ड तक पहुंचने की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही हाल ही में राज्य सरकार द्वारा स्काउट गाइड प्रमाण पत्र को सरकारी नौकरियों में दिए जाने वाले बोनस अंक लाभ के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति अवार्ड परीक्षा में चयनित अशोक कुमार, राज्य पुरस्कार रोवर तुषार प्रजापत व महाविद्यालय के रोवर रेन्जर व अन्य छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### आयोजित की गई पर्यावरणीय प्रतियोगिताएं

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ मालवाड़ा (आर) जालोर के रा.उ.मा.विद्यालय आखराड़ पंचायत समिति रानीवाड़ा में नेशनल ग्रीन कोर योजनान्तर्गत इको क्लब के तहत प्रधानाचार्य कुणाल विश्नोई के निर्देशन तथा स्काउट यूनिट लीडर व स्थानीय संघ सचिव हजारीमल माली के नेतृत्व में पर्यावरणीय निबन्ध लेखन, पत्र वाचन व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह व जोश के साथ भाग लिया तथा विजयी प्रतिभागियों को समग्र शिक्षा अभियान जालोर के एपीसी ईश्वरसिंह व कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रपाल विश्नाई के कर कमलों द्वारा पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली जन



## चेतना रैली

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ मालवाड़ा (आर) जालोर के रा.उ.मा.विद्यालय आखराड़ पंचायत समिति रानीवाड़ा में 8 दिसम्बर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार लोक अदालत के प्रचार–प्रसार हेतु जन चेतना रैली का आयोजन किया गया, जो गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए सभा में बदल गई, जहां पीएलवी राकेश कुमार राणा ने लोक अदालत के माध्यम से आपसी वाद–विवाद सुलझाने की अपील की।



## घर-घर जाकर किया टीकाकरण में सहयोग

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ मालवाड़ा (आर) जालोर के रा.उ.मा.विद्यालय सेवाड़ा के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में स्काउट यूनिट लीडर सोमाराम विश्नाई के नेतृत्व में विद्यालय के स्काउट्स ने घर घर जाकर कोविड टीकाकरण में सहयोग प्रदान किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेवाड़ा के डॉ. सुरेश विश्नाई की मेडिकल टीम के साथ विशेष रूप से घुमन्तु गाडोलिया परिवारों से सम्पर्क कर 20 सदस्यों का टीकाकरण करवाया गया।

# कोटा मण्डल



**सेवाडा में घुमन्तु जाति का किया टीकाकरण**

मरुलहर न्यूज

रानीवाड़ा। प्राथमिक चिकित्सा केंद्र सेवाड़ा के डॉ. सुरेश विश्नोई के नेतृत्व में घुमंतु जाति गाडोलिया लोहारों के डेरे में जाकर टीकाकरण किया गया। विदित हो गाडोलिया लोहार जाति महाराणा प्रताप के समय से एक जगह न बस कर गांव-गांव घूम कर अपना जीवन यापन करती है जिस कारण स्थाई टीकाकरण वंचित सूची से जुड़ नहीं पाए थे 11 दिसंबर को टीकाकरण महा अभियान के दौरान वंचितों के टीकाकरण के दौरान इस घुमंतू जाति के 20 सदस्यों का टीकाकरण किया गया जिसमें 18 का प्रथम टिका था। इस दौरान टीकाकरण प्रभारी स्काउटर सोमाराम विश्नोई, एएनएम मैनका सारण, आशा सहयोगिनी भंवरी सारण, कोविड-19 सहायक आसाराम, जितेंद्र सोलंकी, सारस्वत बिश्नोई एवं स्काउट बालको द्वारा घर-घर जाकर वंचितों का टीकाकरण किया। आज इस महाअभियान के दौरान शिक्षकों, चिकित्सा कर्मियों व पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से 754 टीके लगाए गए।

## कोरोना बचाव हेतु जन जागरूकता सप्ताह का आयोजन

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, कोटा के तत्वावधान में कोरोना से बचने के लिए जन जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह के द्वितीय दिवस 4 जनवरी को प्रातःकाल सहा.राज्य संगठन आयुक्त दिलीप कुमार माथुर के आतिथ्य एवं सी.ओ. स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा के संचालन में किशोर सागर तालाब से नयापुरा तक कोरोना से बचने के लिए मास्क है जरूरी एवं वैक्सीनेशन लगाने हेतु प्रातःकालीन भ्रमण करने वाले लोगों के लिए रोवर्स की एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में रोवर्स द्वारा लोगों को मास्क पहनने एवं वैक्सीनेशन कराने हेतु समझाइश के साथ साथ नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। रैली में सी.ओ. गाइड प्रीति कुमारी, कनिष्ठ सहायक राकेश कसेरा,




तेजमल प्रजापति, कार्यक्रम समन्वयक विनयराज सिंह, सीनियर रोवर मेट सौरभ सोनी आदि ने रैली को नेतृत्व प्रदान किया।

## ग्रुप वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झालावाड़ द्वारा स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रामकृष्ण शर्मा सर्कल ऑर्गेनाइजर (स्काउट) के सान्निध्य में 02 से 08 जनवरी 2022 तक आयोजित किया गया, जिसमें मदर इण्डिया टीचर ट्रेनिंग स्कूल, खानपुर के 98 शिविरार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रातः जागरण से शुरू होकर प्रार्थना, व्यायाम (बी.पी.सिक्स), शिविर निरीक्षण तथा ध्वजारोहण कर शिविरार्थियों को सीटी के संकेत, हाथों के संकेत, गांठे, प्राथमिक सहायता, स्काउटिंग का इतिहास व स्काउटिंग के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के शिविर संचालक कृष्ण मोहन देवडा जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), ट्रेनिंग



कान्सलर रामदेव सिंह, चौथमल शर्मा, हंसराज पांचाल, हरिओम लववंशी, रोवर नेमीचन्द प्रजापत, राकेश, भोलाराम द्वारा केम्प के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।

## उदयपुर मण्डल

### रंगोली बनाकर दिया कोरोना से जागरूकता संदेश

◈ भारत स्काउट एवं गाइड, जिला मुख्यालय, प्रतापगढ़ के तत्वावधान में लोगों में कोरोना (कोविड–19) महामारी के प्रति एवं कोरोना ओमिक्रोन के तेजी से संक्रमण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से 01 जनवरी, 2022 को गाँधी चौराहे पर रंगोली बनकार जागरूकता का सन्देश देने के साथ ही 'नो मास्क नो मूवमेन्ट' के तहत जिले में अभियान चलाया गया, जिसमें स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर व स्कूल के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

सी.ओ. गाइड रेखा शर्मा ने बताया है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश में चलाए जा रहे कोरोना महामारी से बचाव हेतु जनजागृति अभियान के तहत



कोरोना महामारी से बचाव हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना हेतु जन जागृति अभियान के तहत एवं राजस्थान पत्रिका के भीलवाड़ा संस्करण के 23 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आदर्श सरस्वती बालिका विद्या मंदिर प्रतापगढ़ की गाइडर श्रीमती कल्पना सक्सैना के नेतृत्व में स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने गाँधी चौराहा पर रंगोली बनाकर जागरूकता का सन्देश दिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर सुमन देवल ने उपस्थित स्काउट गाइड रोवर रेंजर को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें कोरोना से डरना नहीं बल्कि कुछ सावधानियां रखकर इसे हराना है। आज हमें समाज व आमजन को कोरोना के प्रति जागरूक करना है। स्काउट गाइड हमेशा से सभी क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करते हैं अतः हमें राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कोरोना ओमिक्रोन अभियान में अपना पुरा सहयोग प्रदान करना है। श्रीमती देवल ने उपस्थित स्काउट गाइड रोवर रेंजर स्काउटर गाइडर को निर्देश प्रदान किये कि हमें लोगों से समाजिक दूरी बनाये रखने, साबुन से बार–बार हाथ धोने, घर से बाहर निकलने पर मास्क का प्रयोग करने, एक–दूसरे से दुरी बनाने रखने के लिए, सार्वजनिक स्थानों पर नही थूकें, हाथ नहीं मिलाए, भीड़–भाड़ जगह में जाने बचने के लिए, शादी एवं समारोह में नही जाने के लिए बुजुर्ग व बच्चों के घर से बाहर नही निकलने के लिए लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाना चाहिए।

इस अवसर पर नियती व्यास, जयश्री शर्मा, दिपांशी पालीवाल, प्रतिक्षा कुमावत, हर्षिता शर्मा, कशिश कुमावत, अंकिता माली, नेहा मीणा, यशिका सुथार एवं एन.जी.सी. सहायक लोकेन्द्र कुमार माली व अन्य स्काउट गाइड के साथ स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

### जिला प्रभारी श्री खाचरियावास ने किया शिविरावलोकन

◈ 'स्काउट गाइड गतिविधि से बालक बालिकाओं का सर्वांगीण विकास होता है, उनमें अनुशासन, आत्म विश्वास, नेतृत्व, साहस, भाईचारा, समाज सेवा व देश प्रेम जैसे गुणों का विकास होता है। राज्य सरकार स्काउट गाइड गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये स्काउट गाइड को नौकरियों में लाभ देने के लिये प्लान तैयार कर रही है।' ये बातें चित्तौड़गढ़ जिला प्रभारी मंत्री व खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बी.एस.टी.सी. स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर के अवलोकन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सम्भागियों को अपने उद्बोधन में कही।

चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी.ओ. स्काउट ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में 15 से 21 दिसम्बर 2021 तक आयोजित स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर के अंतर्गत 20 दिसम्बर को समापन समारोह का आयोजन जिला प्रभारी मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के मुख्य आतिथ्य, बेगूं विधायक राजेन्द्र सिंह विधूड़ी, पूर्व विधायक चित्तौड़गढ़ सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, आनन्दी लाल खटीक, जिला कलक्टर तारा चन्द मीणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दाता राम के विशिष्ट आतिथ्य एवं जिला प्रभारी व पूर्व जिला कलक्टर रवि जैन की



अध्यक्षता में किया गया। समस्त अतिथियों का शिविरार्थियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। अनिरूद्ध कुमार शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी.ओ. स्काउट ने स्काउट गाइड गतिविधि के बारे में जानकारी देते हुये राज्य, मण्डल व जिला मुख्यालय की ओर से अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर एडीपीसी प्रमोद कुमार दशोरा, सीबीईओ जया रानी राठौड़, शिविर संचालक चतर सिंह, गोपाल ष्ण शर्मा, सत्यनारायण सोमानी, कैलाश चंद्र अहीर, पृथ्वी राज जाट, गाइडर रतन कुमावत, भगवती आचार्य, सुषमा पुरोहित, देवकी नन्दन वैष्णव, पंकज दशोरा, भगवती लाल शर्मा, हेमेन्द्र कुमार सोनी, राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त स्काउट गाइड दिव्यांशु कुमावत, जयश्री कुमावत, सात्विका शर्मा, रानी तम्बोली, मधुबाला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोपाल कृष्ण शर्मा ने किया।

## ग्रुप वार्षिक शिविर में लिया प्रशिक्षण

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में संचालित स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर 28 दिसम्बर को सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ सम्पन्न हुआ। सात दिवसीय बी.एस.टी.सी. स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर में बाहूबलि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बड़वई डूंगला एवं मीरा महिला कॉलेज सेमलपुरा चित्तौड़गढ़ के 69 छात्राध्यापक व 76 छात्राध्यापिकाओं कुल 145 संभागियों ने सहभागिता की। शिविर के अंतिम दिन सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें संभागियों द्वारा समाज व देश सेवा का संकल्प लिया गया। प्रार्थना सभा के बाद ध्वजारोहण किया गया। शिविर के अन्तर्गत संभागियों को स्काउट गाइड आन्दोलन की जानकारी, नियम, प्रार्थना, झण्डागीत, राष्ट्रगान, ध्वजों की जानकारी, खोज के चिन्ह, हाथ व सीटी के संकेत, दिशा ज्ञान, कम्पास, प्राथमिक सहायता, सिग्नैलिंग, पायनियरिंग, आत्मरक्षा, आपदा प्रबन्धन, मैसेन्जर ऑफ पीस आदि विषयों का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। शिविर का समापन स्काउट गाइड ध्वज उतारकर राष्ट्रगान के साथ किया। शिविर में इन्द्र लाल आमेटा, चतर सिंह राजपूत, सत्यनारायण सोमानी,



सत्यनारायण शर्मा, कैलाश चंद्र अहीर, रोवर लीडर हेमेन्द्र कुमार सोनी, दिव्यांशु कुमावत, प्रियदर्शन सिंह चारण, गाइडर रतन कुमावत, जयश्री कुमावत, रमेश सैन आदि ने अपनी सेवाएं दी।

## नववर्ष पर साँवरिया सेठ मंदिर पर रोवर रेंजर ने दी सेवाएं

◈ श्री साँवरिया सेठ मंदिर, मंडफिया चित्तौड़गढ़ पर नववर्ष के अवसर पर 1 जनवरी 2022 को दर्शनार्थियों की अधिक भीड़ होने एवं मंदिर के सविंदा कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जिला प्रशासन चित्तौड़गढ़ के निर्देशानुसार अति जिला कलेक्टर (प्रशासन) रतन कुमार स्वामी के निर्देशन में रोवर दिव्यांशु कुमावत व रेंजर जयश्री कुमावत के नेतृत्व में 9 रोवर व 9 रेंजर ने मंदिर परिसर में लोगों को लाइन में लगे रहने, मास्क और सेनेटाइजर का उपयोग करने व मंदिर प्रशासन को व्यवस्था में सहयोग करने के लिए अपनी सराहनीय सेवाएं दी। मंदिर पर रोवर दिव्यांशु कुमावत, रनवीर सिंह राणा, जसवंत बहादुर, शैलेंद्र सोलंकी, पवन माली, निर्मल सालवी, राधेश्याम रेगर, सीनियर रोवर महेंद्र सिंह चौधरी, रेंजर जयश्री कुमावत, उषा सोलंकी, अंजली ओझा, अर्चना सिंह नेगी, रानी तम्बोली, मधुबाला लोहार, रश्मि कुशवाह, राजरानी राठौड़ और अनीता रावत ने अपनी सेवाएं



दी। मंदिर प्रशासन द्वारा रोवर रेंजर के लिए आवास व भोजन व्यवस्था की गई।

## मानव सेवा के लिये स्काउट गाइड ने किया रक्तदान

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन 21 दिसम्बर 2021 को श्री सॉवलिया जी राजकीय सामान्य चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ में किया गया। प्रथम रक्तदान शिविर के अन्तर्गत मानवसेवा के लिये 13 यूनिट रक्तदान किया।

चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी.ओ. स्काउट ने बताया कि बी.एस.टी. सी. स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर के अंतर्गत स्काउट गाइड संगठन ने नई पहल करते हुये आपातकाल व कोरोना जैसी महामारी में मरीजों के लिये खून की आवश्यकता को देखते हुए रक्तदान अभियान का शुभारम्भ किया है, जिसे

# दक्षता पदक

स्काउट गाइड ज्योति में दक्षता पदकों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जा रही हैं। आशा है यह जानकारी प्रशिक्षण के मद्देनज़र उपयोगी साबित होगी। इस अंक में 'एथलीट (खिलाड़ी)' दक्षता बैज की जानकारी दी जा रही है।

## खिलाड़ी
### ATHLETE



बालक–बालिकाओं में खेल व व्यायाम के प्रति रूचि एवं इनका व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने की दृष्टि से खिलाड़ी दक्षता बैज का पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। किसी भी खेल को सही तरीके से करने और उसके स्तर के अनुरूप दक्षता हांसिल करने के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान करना तथा उसी आधार पर परीक्षण करने के उपरान्त खिलाड़ी दक्षता बैज प्रदान किया जाता है। इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है –

1. ठीक ढंग से बैठना, खड़ा होना, चलना, दौड़ शुरू करने का सही प्रदर्शन करना।
2. उपयुक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने और घर से बाहर नियमित रूप से किये जाने वाले शारीरिक व्यायाम का प्रमाण प्रस्तुत करें।
3. निम्नलिखित आयु समुह में से अपनी आयु के अनुसार निश्चित जांचों में निर्देशित अंक प्राप्त करें। 12 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु–समुह के लिए दिए गए बिन्दुओं के आधार पर अपनी आयु के अनुसार किन्ही चार जांचों में निश्चित अंक प्राप्त करें।

| आयु | अंक |
|---|---|
| 12 वर्ष | 26 अंक |
| 13 वर्ष | 30 अंक |
| 14 वर्ष | 36 अंक |

| | | सामान्य स्तर 6 अंक | प्रथम स्तर 8 अंक | विशेष स्तर 10 अंक |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 100 मीटर की दौड़ | 16 सैकण्ड में | 15 सैकण्ड में | 14 सैकण्ड में |
| (2) | 800 मीटर की दौड़ | 2 मिनट 46 सैकण्ड में | 2 मिनट 43 सैकण्ड में | 2 मिनट 40 सैकण्ड में |
| (3) | दौड़ते हुए ऊँची कूद | 1.06 मीटर | 1.13 मीटर | 1.20 मीटर |
| (4) | दौड़ते हुए लम्बी कूद | 3.80 मीटर | 4.10 मीटर | 4.40 मीटर |
| (5) | क्रिकेट गेंद फेंकना | 36.50 मीटर | 41.00 मीटर | 46.00 मीटर |
| | | या | | |
| | 8.1 पौंड का गोला फेंकना | 6.10 मीटर | 7.62 मीटर | 8.53 मीटर |

| आयु | अंक |
|---|---|
| 15 वर्ष | 40 अंक |
| 16 वर्ष | 45 अंक |
| 17 वर्ष | 50 अंक |

| | | सामान्य स्तर 8 अंक | प्रथम स्तर 10 अंक | विशेष स्तर 12 अंक |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 100 मीटर की दौड़ | 15 सैकण्ड में | 14 सैकण्ड में | 13 सैकण्ड में |
| (2) | 800 मीटर की दौड़ | 3 मिनट 20 सैकण्ड में | 3 मिनट 10 सैकण्ड में | 2 मिनट 40 सैकण्ड में |
| (3) | दौड़ते हुए ऊँची कूद | 104.14 से.मी. | 121.92 से.मी. | 137.16 से.मी. |
| (4) | दौड़ते हुए लम्बी कूद | 3.66 मीटर | 3.96 मीटर | 4.47 मीटर |
| (5) | क्रिकेट गेंद फेंकना | 38.10 मीटर | 47.72 मीटर | 50.96 मीटर |
| | | या | | |
| | 13 पौंड का गोला फेकना | 6.10 मीटर | 7.62 मीटर | 8.53 मीटर |
| (6) | दण्ड व बैठक लगाना | 15 दंड (86 सैकण्ड में) | 30 दंड (70 सैकण्ड में) | 50 दंड (120 सैकण्ड में) |

*पालथी मार कर बैठना तथा हाथों के सहारे बैठ–बैठ ही ऊपर उठना तथा नीचे आना*

लगातार जारी रखा जायेगा। प्रथम रक्तदान शिविर के अन्तर्गत 11 स्काउट व 2 गाइड कुल 13 संभागियों द्वारा रक्तदान किया। रक्तदाता में रोवर दिव्यांशु कुमावत, विजयराम चौधरी, ओमप्रकाश अहीर, दीपक जोशी, प्रेम चन्द्र मीणा, जयपाल सालवी, प्रकाश चन्द्र गाडरी, विनायक सिंह मीना, रौनक चौधरी, विश्वजीत सिंह झाला, लाल शंकर, दीपा तावेड, रूचिका तिवाडी ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर बलड बैंक प्रभारी डॉ अनिल सैनी, चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी.ओ. स्काउट, गाइडर रतन कुमावत, रोवर प्रियदर्शन सिंह चारण, जयश्री कुमावत, रानी तम्बोली, मधुबाला आदि उपस्थित थे।




## तृतीय रक्तदान शिविर में २५ यूनिट हुआ रक्तदान

## रैली निकालकर दिया कोरोना जागरूकता का संदेश

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में सेवापूर्व छात्राध्यापक व अध्यापिकाओं का स्काउट/गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर दिनांक 03 से 09 जनवरी 2022 तक बेडेन पॉवेल पार्क, किला रोड़, चित्तौड़गढ़ पर आयोजित किया गया। शिविर के अन्तर्गत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शिविरार्थियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी.ओ. स्काउट चित्तौड़गढ़ ने बताया कि शिविर के अन्तर्गत संभागियों को मानव सेवा के लिये आपातकाल में रक्तदान का महत्व बताते हुये रक्तदान के लिये प्रेरित किया गया। मानव सेवा भाव से प्रेरित होकर 07 जनवरी 2022 को श्री सॉवलिया जी राजकीय सामान्य चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ में तृतीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 25 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविरार्थी राजकुमार सुखवाल, प्रकाश चन्द्र अहीर, छोटूलाल गवारिया,




गौतम सिंह पारिक, सोनू मेधवाल, मोती लाल गुर्जर, नवीन कुमावत, विष्णु कुमार धाकड, रामेश्वर लाल मीणा, अखिल मीणा, प्रदीप सालवी, जयवर्धन सिंह, प्रकाश चन्द्र कुमावत, मुकेश कुमार तेली, बबलु, भीमराज, वीकेश, दीपक, इन्द्रपाल सिंह, भानुप्रताप, अंकित नागर, शहनवाज खान, पंकज कुमार मीणा, नितेश जाट ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनिल सैनी, चन्द्र शंकर श्रीवास्तव, शिविर संचालक चतर सिंह राजपूत, प्रशिक्षक सत्यनारायण सोमानी, सत्यनारायण शर्मा, अजय सिंह राठौड, भगवती लाल ओझा, गाइडर रेखा कुमावत, रतन कुमावत, रोवर लीडर हेमेन्द्र कुमार सोनी, रमेश चन्द्र सेन, रोवर प्रियदर्शन चारण, दिव्यांशु कुमावत, रेंजर जयश्री कुमावत, रानी तम्बोली, मधुबाला, सुरभी विश्नोई, कीर ज्योतिबेन, आरती कुमारी गर्ग ने इस रक्तदान शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की तथा सभी रक्तदानकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

शिविरार्थियों ने रैली निकालकर कोरोना जागरूकता का संदेश दिया तथा आमजन को सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग, वैक्सीनेशन आदि के बारे में जागरूक किया।

## Necessary Information

As per latest instructions from The Director, Bharat Scouts and Guides, National Headquarters, if candidates report for courses at NTC, without BSGUID, they will not be admitted to courses.

Please note that, NTC will not issue certificates of Training courses, Parchments, Honourable Charge. Renewal of Honourable Charges will also be with held till UID is submitted.

**Krishnaswamy R**
**For DDSLT**
**NTC, Pachmarhi (M.P.)**

हमारे महापुरुष

# 'सीमांत गाँधी' ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान

**6 फरवरी जयन्ति पर विशेष**

◇ स्काउट गाइड ज्योति डेस्क



ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान के परदादा 'अब्दुल्ला ख़ान' बहुत ही सत्यवादी और जुझारू स्वभाव थे। उनके पिता 'बैरम ख़ान' शांत स्वभाव के थे और ईश्वरभक्ति में लीन रहा करते थे। उन्होंने अपने लड़के अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान को शिक्षित बनाने के लिए 'मिशनरी स्कूल' में भेजा, पठानों ने उनका बड़ा विरोध किया। मिशनरी स्कूल की पढ़ाई समाप्त करने के बाद वे अलीगढ़ आ गए। गर्मी की छुट्टियों में समाजसेवा करना उनका मुख्य काम था। शिक्षा समाप्त कर वह देशसेवा में लग गए।

ख़ान अब्दुल गफ्फार ख़ान महान् राजनेता थे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और अपने कार्य और निष्ठा के कारण ''सरहदी गांधी'' (सीमान्त गांधी), ''बाचा ख़ान'' तथा ''बादशाह ख़ान'' के नाम से पुकारे जाने लगे। 20वीं शताब्दी में पख़्तूनों (या पठानय पाकिस्तान और अफगानिस्तान का मुसलमान जातीय समूह) के सबसे अग्रणी और करिश्माई नेता थे, जो महात्मा गांधी के अनुयायी बन गए और उन्हें 'सीमांत गांधी' कहा जाने लगा। अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ाँ का जन्म एक सम्पन्न परिवार में हुआ था। वह बचपन से ही अत्यधिक दृढ़ स्वभाव के व्यक्ति हैं, इसलिये अफगानों ने उन्हें 'बाचा ख़ान' के रूप में पुकारना प्रारम्भ कर दिया। आपका सीमा प्रान्त के कबीलों पर अत्यधिक प्रभाव था। गांधी जी के कट्टर अनुयायी होने के कारण ही उनकी 'सीमांत गांधी' की छवि बनी। विनम्र गफ्फार ने सदैव स्वयं को एक 'स्वतंत्रता संघर्ष का सैनिक' मात्र कहा, परन्तु उनके प्रसंशकों ने उन्हें 'बादशाह ख़ान' कह कर पुकारा। गांधी जी भी उन्हें ऐसे ही सम्बोधित करते थे। राष्ट्रीय आन्दोलनों में भाग लेकर उन्होंने कई बार जेलों में घोर यातनायें झेली हैं। फिर भी वे अपनी मूल संस्कृति से विमुख नहीं हुए। इसी वजह से वह भारत के प्रति अत्यधिक स्नेह भाव रखते थे।

## जीवन परिचय

ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान का जन्म 6 फरवरी, 1890 ई. को पेशावर, तत्कालीन ब्रिटिश भारत वर्तमान पाकिस्तान में हुआ था। उनके परदादा 'अब्दुल्ला ख़ान' बहुत ही सत्यवादी और जुझारू स्वभाव थे। उनके पिता 'बैरम ख़ान' शांत स्वभाव के थे और ईश्वरभक्ति में लीन रहा करते थे। उन्होंने अपने लड़के अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान को शिक्षित बनाने के लिए 'मिशनरी स्कूल' में भेजा,

पठानों ने उनका बड़ा विरोध किया। मिशनरी स्कूल की पढ़ाई समाप्त करने के बाद वे अलीगढ़ आ गए। गर्मी की छुट्टियों में समाजसेवा करना उनका मुख्य काम था। शिक्षा समाप्त कर वह देशसेवा में लग गए।

सरहद के पार आज भी अपने लोगों की स्वाधीनता के लिए संघर्षरत 'सीमांत गांधी' के नाम से विख्यात ख़ान अब्दुल गफ्फार ख़ाँ प्रारम्भ से ही अंग्रेजों के खिलाफ थे।

## गाँधीजी से परिचय

राजनीतिक असंतुष्टों को बिना मुकदमा चलाए नजरबंद करने की इजाजत देने वाले रॉलेट एक्ट के खिलाफ 1919 में हुए आंदोलन के दौरान ग़फ़्फ़ार ख़ाँ की गांधी जी से मुलाकात हुई और उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। अगले वर्ष वह खिलाफत आंदोलन में शामिल हो गए, जो तुर्की के सुल्तान के साथ भारतीय मुसलमानों के आध्यात्मिक संबंधों के लिए प्रयासरत था और 1921 में वह अपने गृह प्रदेश पश्चिमोत्तर सीमांत प्रांत में खिलाफत कमेटी के जिला अध्यक्ष चुने गए।

## खुदाई खिदमतगार की स्थापना

1929 में कांग्रेस पार्टी की एक सभा में शामिल होने के बाद ग़फ़्फ़ार खां ने खुदाई खिदमतगार (ईश्वर के सेवक) की स्थापना की और पख़्तूनों के बीच लाल कुर्ती आंदोलन का आह्वान किया। विद्रोह के आरोप में उनकी पहली गिरफ्तारी 3 वर्ष के लिए हुई थी। उसके बाद उन्हें यातनाओं की झेलने की आदत सी पड़ गई। जेल से बाहर आकर उन्होंने पठानों को राष्ट्रीय आन्दोलन से जोड़ने के लिए 'खुदाई खिदमतगार' नामक संस्था की स्थापना की और अपने आन्दोलनों को और भी तेज कर दिया।

## कांग्रेस को समर्थित

मुस्लिम लीग ने जहाँ पख़्तूनों को इस आन्दोलन के लिये कोई मदद नहीं दी, वहीं कांग्रेस ने उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दिया। अतः वे पक्के कांग्रेसी बन गए और यहीं से वे गांधी जी के अनुयायी के रूप में प्रतिष्ठित होते चले गये। ख़ान ने पठानों को गांधी जी का 'अहिंसा' का पाठ पढ़ाया।

## शांतिप्रिय बादशाह ख़ान

पेशावर में जब 1919 ई. में अंग्रेजों ने 'फौजी क़ानून' (मार्शल लॉ) लगाया। अब्दुल गफ्फार ख़ान अंग्रेजों के सामने शांति का प्रस्ताव रखा, फिर भी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

1930 ई. में सत्याग्रह आंदोलन करने पर वे पुनः जेल भेजे गए और उन्हें गुजरात (उस समय पंजाब का भाग) की जेल भेजा गया। वहाँ पंजाब के अन्य बंदियों से उनका परिचय हुआ। उन्होंने जेल में सिख गुरुओं के ग्रंथ पढ़े और गीता का अध्ययन किया।

हिंदू मुस्लिम एकता को जरूरी समझकर उन्होंनें गुजरात की जेल में गीता तथा कुरान की कक्षा लगायीं, जहाँ योग्य संस्कृतज्ञ और मौलवी संबंधित कक्षा को चलाते थे। उनकी संगति से सभी प्रभावित हुए और गीता, कुरान तथा गुरु ग्रंथ साहब आदि सभी ग्रंथों का अध्ययन सबने किया।

बादशाह ख़ान (ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान) आंदोलन भारत की आजादी के अहिंसक राष्ट्रीय आंदोलन का समर्थन करते थे और इन्होंने पख़्तूनों को राजनीतिक रूप से जागरूक बनाने का प्रयास किया।

1930 के दशक के उत्तरार्ध तक ग़फ़्फ़ार खां महात्मा गांधी के निकटस्थ सलाहकारों में से एक हो गए और 1947 में भारत का विभाजन होने तक खुदाई खिदमतगार ने सक्रिय रूप से कांग्रेस पार्टी का साथ दिया ।

इनके भाई डॉक्टर खां साहब (1858–1958) भी गांधी के करीबी और कांग्रेसी आंदोलन के सहयोगी थे।

सन 1930 ई. के गाँधी–इरविन समझौते के बाद अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान को छोड़ा गया और वे सामाजिक कार्यों में लग गए।

1937 के प्रांतीय चुनावों में कांग्रेस ने पश्चिमोत्तर सीमांत प्रांत की प्रांतीय विधानसभा में बहुमत प्राप्त किया। खां साहब को पार्टी का नेता चुना गया और वह मुख्यमंत्री बने। 1942 ई. के अगस्त आंदोलन में वह गिरफ्तार किए गए और 1947 ई. में छूटे।

देश के विभाजन के विरोधी ग़फ़्फ़ार खां ने पाकिस्तान में रहने का निश्चय किया , जहां उन्होंने पख़्तून अल्पसंख्यकों के अधिकारों और पाकिस्तान के भीतर स्वायत्तशासी पख़्तूनिस्तान (या पठानिस्तान) के लिए लड़ाई जारी रखी।

भारत का बँटवारा होने पर उनका संबंध भारत से टूट सा गया किंतु वह भारत के विभाजन से किसी प्रकार सहमत न थे। पाकिस्तान से उनकी विचारधारा सर्वथा भिन्न थी। पाकिस्तान के विरुद्ध 'स्वतंत्र पख़्तूनिस्तान आंदोलन' आजीवन चलाते रहे।

उन्हें अपने सिद्धांतों की भारी कीमत चुकानी पड़ी, वह कई वर्षों तक जेल में रहे और उसके बाद उन्हें अफगानिस्तान में रहना पड़ा।

1985 के 'कांग्रेस शताब्दी समारोह' के आप प्रमुख आकर्षण का केंद्र थे। 1970 में वे भारत भर में घूमे। 1972 में वह पाकिस्तान लौटे ।

इनका संस्मरण ग्रंथ "माई लाइफ ऐंड स्ट्रगल" 1969 में प्रकाशित हुआ।

## सम्मान और पुरस्कार

ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान को वर्ष 1987 में भारत सरकार की ओर से भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

## मृत्यु

सन 1988 में पाकिस्तान सरकार ने उन्हें पेशावर में उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। 20 जनवरी, 1988 को उनकी मृत्यु हो गयी और उनकी अंतिम इच्छानुसार उन्हें जलालाबाद अफगानिस्तान में दफनाया गया।



# राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| NAME OF EVENTS | MONTHS & DATES | VENUE |
|---|---|---|
| National Integration Camp | 04-08 February, 2022 | Dakshina Kanndada, Karnataka |
| National Integration Camp | 19-23 February, 2022 | Gadpuri, Palwal (Haryana) |



# अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| NAME OF EVENTS | MONTHS & DATES | VENUE |
|---|---|---|
| 27th Asia Pacific Regional Scout Conference | 15-16, 18-19, 21 Feb.2022 | Virtually |
| 10th Asia Pacific Regional Scout Youth Forum | 09-10, 12-13 Feb. 2022 | Virtually |
| 25th World Scout Jamboree | 01 - 12 August, 2023 | Saemangeum, Korea |

**National Headquarters website : www.bsgindia.org**

## फार्म – 4

## RNI No. - RAJ BIL/2000/1835

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | जयपुर | |
| 2. प्रकाशन अवधि | मासिक | |
| 3. मुद्रक का नाम | प्रीमियर प्रिंटिंग प्रेस, 12, रामनगर, हवा सड़क, सोडाला, जयपुर | |
| क्या भारत का नागरिक है? | | हाँ |
| यदि विदेशी है तो मूल देश | | नहीं |
| पता | प्रीमियर प्रिंटिंग प्रेस, 12, रामनगर, हवा सड़क, सोडाला, जयपुर | |
| 4. प्रकाशक का नाम | राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर | |
| क्या भारत का नागरिक है? | | हाँ |
| यदि विदेशी है तो मूल देश | | नहीं |
| पता | जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015 (राजस्थान) | |
| 5. सम्पादक का नाम | डॉ. पी.सी. जैन | |
| क्या भारत का नागरिक है? | | हाँ |
| यदि विदेशी है तो मूल देश | | नहीं |
| पता | जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015 (राजस्थान) | |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पता जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर – 302015 | |

मैं राज्य सचिव एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

**डॉ. पी.सी. जैन**

प्रकाशक एवं सम्पादक के हस्ताक्षर



भरतपुर आगमन पर स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य का स्कार्फ पहनाकर स्वागत करते मण्डल अधिकारी



मूट-मीट संभागियों को संबोधित करते हुए स्टेट कमिश्नर (व्यस्क संसाधन) महेन्द्र कुमार पारख एवं राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन




प्रस्तावित जम्बूरी स्थल का निरीक्षण करते हुए निदेशक राजकुमार कौशिक एवं अन्य पदाधिकारीगण



18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में वाटर एक्टिविटी के लिए पाली स्थित खारड़ा बांध का अवलोकन करते हुए पदाधिकारी



खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास द्वारा चित्तौड़गढ़ में बी.एस.टी.सी. स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर का अवलोकन




15 से 18 वर्ष आयू के वैक्सीनेशन में केन्द्र पर सेवाएं देते हुए सीकर के स्काउट्स



राउमावि उमरवास, कुंभलगढ़ के स्काउटर विक्रम सिंह शेखावत द्वारा मकर संक्रांति पर रक्तदान। यह इनका 13वां रक्तदान है।



18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी के संदर्भ में मुख्य सचिव एवं स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य की अध्यक्षता में बैठक में निदेशक राजकुमार कौशिक, राज्य सचिव डॉ.पी.सी. जैन एवं अन्य पदाधिकारीगण

प्रकाशक व मुद्रक : डॉ. पी.सी. जैन, राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर फोन नं. 0141-2706830 द्वारा मैसर्स प्रीमियर प्रिन्टिंग प्रेस, 12 रामनगर, हवा सड़क, सोडाला, जयपुर-302019 फोन : 0141-2294887, 2295097 से मुद्रित।

हिन्दी मासिक एक प्रति ₹ पन्द्रह
प्रकाशन - प्रत्येक माह
पंजीकृत समाचार पत्रों की श्रेणी के अन्तर्गत
आर.एन.आई. नम्बर : RAJ BIL/2000/1835

प्रेषक :-
राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर-302015
फोन :0141-2706830, 2941098
ई-मेल : scoutguidejyoti@gmail.com